राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम

(मिनी स्वास्थ्य भवन, सेठी कॉलोनी, जयपुर दूरभाष नं. 0141–2605858)

क्रमांकः संस्थापन / कोविड / 2021 / 886 दिनांकः 10 / 07 / 2021

: विज्ञप्ति :

श्रीमान प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राज0 जयपुर के पत्रांक प. 1(1)चिस्वा / ग्रुप–2 / 2020 जयपुर दिनांक 08.06.2021 के द्वारा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को भी ग्राम पंचायत स्तर पर चयन / नियोजन हेतु निर्देशित किये जाने के फलस्वरूप आदेशों की अनुपालना में कोविड स्वास्थ्य सहायक के पद पर चयन / नियोजन हेतु पूर्व जारी विज्ञप्ति क्रमांक संस्थापन / कोविड / 2021 / 1565 दिनांक 27.05.2021की निरन्तरता में ग्राम पंचायत स्तर के 606 पदों के लिये महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को भी चयन / नियोजन सम्मिलित किया जाना है। अतः उक्त पद हेतु इच्छुक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के आवेदन पत्र निर्धारित वेबसाईट **www.jaipur.rajasthan.gov.in** पर आमन्त्रित किये जाते है :–

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	योग्यता	फिक्स मानदेय प्रतिमाह	विशेष विवरण
1	कोविड स्वास्थ्य सहायक	कुल 606 (जयपुर प्रथम 330 जयपुर द्वितीय 276)	राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण उत्तीर्ण एवं आरएनसी से पंजीकृत (अनिवार्य)	7900 / —	प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर 01 पद,

नोटः 1. उक्त मानदेय के अलावा किसी भी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।

2. उपरोक्त पदों के आवेदन निर्धारित वेबसाईट पर ऑनलाईन अपलोड करना होगा। हार्ड कॉपी किसी भी स्थिति में स्वीकार योग्य नहीं होगी।
3. कोविड स्वास्थ्य सहायकों के नियोजन में स्थानीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यार्थीयों को भी प्राथमिकता के आधार पर शैक्षणिक योग्यता का प्रतिशत एवं तकनीकी योग्यता का प्रतिशत के आधार पर मेरिट बनाकर चयन किया जायेगा। स्थानीय अभ्यार्थी नहीं मिलने पर अन्य जिले की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यार्थीयों का चयन किया जायेगा।
4. महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यार्थीयों से दिनांक 11.07.2021से 15.07.2021रात्रि 12.00 बजे तक आवेदन पत्र स्वीकार किय जायेगे। निर्धारित तिथि पश्चात् किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. उक्त विज्ञप्ति विभाग से मार्गदर्शन / निर्देश प्राप्त होने के अध्यधीन जारी की जा रही है ।
6. चयन प्रक्रिया हेतु सभी मेरिट में आई महिला स्वासथ्य कर्यकर्ता अभ्यार्थीयों को मोबाईल पर मैसेज प्राप्त होने पर निधारित दिनांक को दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होना होगा एवं समय समय पर लिंक पर दिशा निर्देश जारी किये जाते रहेगें ।

भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी **www.jaipur.rajasthan.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

(डॉ नरौत्तम शर्मा)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जयपुर–प्रथम